# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (24 जनवरी)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-01-2019

- **24 जनवरी:** राष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस Child Day)। हर वर्ष 24 जनवरी को **राष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस** मनाया जाता है। देश और समाज में लड़कियों की स्थिति को और मज़बूत करने तथा उन्हें नए मौके देने के लिये इस दिवस की शुरुआत की गई। इस वर्ष राष्ट्रीय बालिका शिशु दिवस की थीम **बेहतर कल के लिये बालिकाओं का सशक्तीकरण** (Empowering Girls for a Better Tomorrow) रखी गई है।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 122वीं जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले में **सुभाष चंद्र बोस और सेना के संग्रहालय** का उद्घाटन किया। इस परिसर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और आजाद हिन्द फौज संग्रहालय, याद-ए-जालियाँ संग्रहालय (जालियाँवाला बाग और प्रथम विश्व युद्ध), भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 पर संग्रहालय और तीन शताब्दियों की 450 से अधिक कलाकृतियों वाली फोटो गैलरी शामिल है। पश्चिम बंगाल सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 122वीं जयंती को 'सुभाष उत्सव' के रूप में मनाया।
- केंद्र सरकार ने **सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार** देने का फैसला किया है। इस पुरस्कार का एलान प्रत्येक वर्ष 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर किया जाएगा।
- केंद्र सरकार ने **GST अपीलीय अधिकरण की राष्ट्रीय पीठ** के गठन को मंज़ूरी दे दी है। अपीलीय अधिकरण की राष्ट्रीय पीठ (GSTAT) नई दिल्ली में स्थित होगी और इसमें अध्यक्ष के साथ केंद्र और राज्य का एक-एक तकनीकी सदस्य शामिल होगा। GST अधिनियम के अध्याय XVIII में GST प्रशासन के तहत विवाद समाधान हेतु अपीलीय और समीक्षा तंत्र की व्यवस्था की गई है।
- वित्त मंत्री अरुण जेटली के अस्वस्थ होने के कारण रेल मंत्री **पीयूष गोयल** को वित्त तथा कॉर्पोरेट मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वित्त मंत्री अपने उपचार के लिये अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित एक अस्पताल में हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों की वज़ह से इस बार अंतरिम बजट 1 फरवरी को संसद में पेश किया जाना है।
- भारत-अफ्रीका फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास **(IAFTX)-2019** की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिये पुणे में एक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मिस्र, घाना, नाइजीरिया, सेनेगल, सूडान, दक्षिण अफ्रीका, तंजानिया, नामीबिया, मोजाम्बिक, युगांडा, नाइज़र और जाम्बिया के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गौरतलब है की IAFTX-2019 18 से 27 मार्च 2019 तक पुणे के औंध मिलिट्री स्टेशन और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में होना प्रस्तावित है।
- 15वें भारतीय प्रवासी सम्मेलन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बनारस में **प्रवासी भारतीय तीर्थ दर्शन** कार्यक्रम की शुरुआत की। इस योजना के तहत केंद्र सरकार 45 से 65 आयु वर्ग के प्रवासी भारतीयों को भारत के सभी प्रमुख तीर्थ स्थलों का भ्रमण कराएगी। हर साल 40 प्रवासी श्रद्धालुओं को भ्रमण कराया जाएगा। तीर्थ दर्शन यात्रा 25 दिनों की होगी और इस दौरान श्रद्धालुओं के आने-जाने से लेकर ठहरने एवं खान-पान सहित सभी खर्च सरकार उठाएगी।

- तेलंगाना में बाघों के संरक्षण के लिये **स्टेट टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स** गठित की जाएगी। तेलंगाना सरकार ने राज्य में स्थित दोनों अभयारण्यों में बाघों की संख्या बढ़ाने और उनके संरक्षण के मद्देनज़र यह फैसला किया है। अमराबाद और कवाल बाघ अभयारण्यों में 112-112 सदस्यों वाली यह स्पेशल फोर्स सहायक वन संरक्षक कैडर के अधिकारियों के नेतृत्व में काम करेगी। इनके रखरखाव पर होने वाला खर्च 60:40 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा वहन किया जाएगा।
- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र की संस्था **Intergovernmental Panel on Climate Change (IPCC)** की एक हालिया रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि 2040 तक विश्व का तापमान डेढ़ डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ सकता है। इससे बचने के लिये रिपोर्ट में ग्रीनहाउस गैसों पर प्रभावकारी तथा बाध्य नियंत्रण लगाने का सुझाव दिया गया है ।
- अपनी युद्धक क्षमताएं बढ़ाने के क्रम में चीन की सेना ने **अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल** से हमले का अभ्यास किया है। यह अभ्यास चीन की सेना की रणनीतिक मिसाइल ऑपरेटर रॉकेट फोर्स ने एक भूमिगत बंकर में काल्पनिक दुश्मन के खिलाफ किया। गौरतलब है कि चीन की अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल 12 हजार किलोमीटर तक उड़ान भर सकती है और अमेरिका में स्थित किसी भी लक्ष्य को भेद सकती है। चीन के इसकी तीन पीढ़ियाँ (डीएफ-5, डीएफ-31 और डीएफ-41) हैं। ये सभी 10 हज़ार किलोमीटर से ज़्यादा दूरी वाले लक्ष्यों को भेदने की क्षमता रखती हैं।
- इज़राइल और अमेरिका ने **एरो-3 मिसाइल डिफेंस इंटरसेप्टर** का सफल परीक्षण किया है। इसे इज़राइल में तैनात किया गया है। लंबी दूरी की मिसाइलों को मार गिराने के लिये निर्मित इस इंटरसेप्टर का परीक्षण मध्य इज़राइल में तटीय सैन्य लॉन्चिंग पैड से किया गया। गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व इज़राइली अंतरिक्ष उद्योग और अमेरिका की मिसाइल रक्षा एजेंसी ने इसे तैनात किया था। एरो-3 मिसाइल उस बहुस्तरीय रक्षा प्रणाली का हिस्सा है, जिसका निर्माण इज़राइल ने किया है।
- वेनेज़ुएला ने अमेरिका पर तख्तापलट करने का आरोप लगाते हुए उससे कूटनीतिक संबध तोड़ लिये हैं। वेनेज़ुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रॉड्रिगेज ने अमेरिका के अपने समकक्ष पर **'खुले तौर पर तख्ता पलटने का आह्वान'** करने का आरोप लगाया है। वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका ऐसा तानाशाह बताता है जिनके पास सत्ता में रहने का कोई वैध दावा नहीं है।
- हाल ही में सामने आई अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीनलैंड के ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार बढ़ गई है। प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी जर्नल में प्रकाशित इस रिपोर्ट में अमेरिका के ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी के अध्ययनकर्त्ताओं ने लंबे समय से ग्रीनलैंड के दक्षिण-पूर्व और उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। वहाँ ग्लेशियर पिघल कर अटलांटिक सागर में मिल रहे हैं। इसका ऐसे द्वीपीय देशों पर गंभीर परिणाम देखने को मिल सकता है, जो समुद्र के बढ़ते जलस्तर को लेकर खतरे का सामना कर रहे हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने 2018-19 के लिये अवॉर्ड्स की घोषणा कर दी है। पुरुषों की टेस्ट और एकदिवसीय टीम ऑफ द ईयर का कप्तान भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान **विराट कोहली** को बनाया गया है। इसके अलावा उन्हें ICC क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी चुना गया है। इसके लिये उन्हें लगातार दूसरी बार सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड से नवाज़ा गया है।